भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2478
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**केरल में तटीय परिपथ का विकास**

**†2478. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल तटीय परिपथ के विकास पर विचार किए जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा केरल के मलप्पुरम जिले में तटीय समुदायों के विकास की योजनाओं को तटीय परिपथ के विकास में शामिल किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): तटीय परिपथ सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों की पहचान कर उनका विकास संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- एसडी 2.0 की एक उप योजना, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएटीआईडी)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधि की उपलब्धता एवं पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)-वैश्विक पैमाने पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी पहल के तहत भी पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी एवं उत्तरदायी पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य के साथ अब 'स्वदेश दर्शन' योजना को 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना के रूप में नवीकृत किया है, जिसमें पूर्व में अपनाए गए परिपथ-आधारित फ्रेमवर्क के स्थान पर अब गंतव्य एवं पर्यटक-केंद्रित नीति अपनाई गई है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी द्वारा केरल में तटीय परिपथ का विकास के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2478 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**(i) केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा-गवी- वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |

**(ii) केरल राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.81 |
| 2. | 2024-25 | अलप्पुझा | अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.18 |
| 3. | 2024-25 | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 |

**(iii) केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **श्रेणी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 2024-25 | वर्कला-दक्षिण काशी | संस्कृति एवं विरासत | 25.00 |

**(iv) केरल राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |
| 2. | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |

**(v) केरल राज्य में तीथस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 45.19 |

**(vi) केरल राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएटीआईडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | 28-10-2016 | 9.01 |
| 2. | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 31-03-2017 | 21.41 |
| 3. | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास | 12-12-2018 | 1.20 |
| 4. | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | 12-12-2018 | 4.66 |
| 5. | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | 13-12-2019 | 10.29 |
| 6. | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | 31-03-2017 | 24.65 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन (टीवीसी) | 30-07-2013 | 5.98 |

*******